सार-समाचार

दीपावली धूमधाम से मनाई

डूंडलोद, (निसं)। डूंडलोद पब्लिक स्कूल डूंडलोद में गुरूवार को दीपावली का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संगीत अध्यापक ललित शर्मा एवं शरीफ खान के निर्देशन में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत राम स्तुति से हुई। छात्रा रिया ने दीपावली के महत्व पर प्रकाश डाला। पूर्व प्राथमिक वर्ग के छात्र-छात्राओं ने राम दरबार एवं लक्ष्मी-गणेश जी की आकर्षण व मनमोहक झांकी प्रस्तुत की। छात्र-छात्राओं द्वारा निर्मित ग्रीटिंग-कार्ड अर्थात अभिनन्दन-पत्रों की प्रदर्शनी लगाईगई। अध्यापिका पूजा गिल के निर्देशन में पूर्व प्राथमिक वर्ग की छात्राओं ने तथा अध्यापिका निशा के निर्देशन में प्राथमिक वर्ग की छात्राओं ने मनमोहक सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। छात्रा प्रियंका ने शानदार मंच संचालन किया। प्राचार्य धनंजय लाल ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि प्रत्येक त्योहार की अपनी-अपनी विशेषताएं होती है और सभी त्योहार अपने नीरस जीवन को आनंद और उमंग से भर देते हैं। आज सबसे बड़ी आवश्यकता है देश में नई जागृति और नई चेतना की और ऐसा अब त्योहारों के द्वारा सकारात्मक सोच से ही संभव है। दीपावली के शुभ अवसर पर हम प्रण लें कि कभी भी बाधाओं एवं अत्याचारों के समक्ष नतमस्तक नहीं होएंगे तथा कुप्रवत्तियों एवं अन्य सामाजिक बुराइयां रूपी अंधकार को नष्ट करके प्रेम व एकता के दीप जलाएंगे। विद्यालय सचिव बीएल रणवां ने मार्गदर्शन करते हुए कहा कि दीपावली हमारे देश का एक सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय पर्व है। यह हमारी आस्तिकता और आस्था का भी प्रतीक हैं। इसके महत्व को बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि हम अपने दोषों का परित्याग करें। प्रत्येक देशवासियों का यह परम कर्तव्य है कि वे इस महान उपयोगी एवं सांस्कृतिक पर्व को सामाजिक कुरीतियों से बचाएं।

पांच दिवसीय महालक्ष्मी महोत्सव शुरू

चिड़ावा, (निसं)। दीपावली पर्व के अवसर पर श्रीपीठ महालक्ष्मी धाम में गुरुवार को पांच दिवसीय महालक्ष्मी महोत्सव का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ हुआ। धाम के पीठाधीश वाणीभूषण प्रभुशरण तिवाड़ी के सानिध्य में पंडित सियाराम शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सिद्धि विनायक शुभ लाभ मंदिर में विनायक पूजन करवाया। प्रवक्ता गोपाल महमिया और तेजप्रकाश सोनी ने बताया कि महोत्सव के तहत शुक्रवार सुबह 10 बजे से महालक्ष्मी महायज्ञ आरंभ होगा। जो 18 अक्टूबर को दोपहर दो बजे संपन्न होगा। उसी दिन दोपहर तीन बजे से श्रद्धालुओं को कुबेर कलश और महालक्ष्मी यंत्र वितरित किए जाएंगे। वहीं 19 और 20 अक्टूबर को धाम में महालक्ष्मी शृंगार और दर्शन कार्यक्रम होंगे। इस अवसर पर धाम परिसर को आकर्षक लाइटिंग से सजाया गया है। श्रद्धालुओं के लिए विशेष दर्शन व्यवस्था की गई है। ताकि सभी भक्त मां लक्ष्मी के दर्शन और पूजन का लाभ ले सकें। गणेश पूजन के अवसर पर कांतिप्रसाद हलवाई, संजय-राजीव व्यास, राजेंद्रप्रसाद शर्मा, गोपाल महमिया, महेंद्रपाल मास्टर, महेश शर्मा, रतिराम राजोतिया, शंकरलाल महरानियां, शिवलाल सैनी, अनिल शर्मा, यादव प्रसाद शर्मा, तेजप्रकाश सोनी, वेदांत तिवाड़ी, राकेश गजराज, सज्जन यादव और करतार यादव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य जन व भक्त मौजूद रहे।

आर्य को जिलाध्यक्ष बनाने की मांग

चूरू (निसं)। रतनगढ़ रोड स्थित आदर्श छात्रावास में कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के प्रभारी सुभाष चोपड़ा ने गुरूवार को बाबा साहेब अम्बेडर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। आदर्श छात्रावास समिति के अध्यक्ष पूर्व जिला परिषद सदस्य मोहन लाल आर्य की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्व समाज के लोग, जिले के जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन और किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने अनुसूचित जाति समाज के प्रतिनिधित्व को लेकर प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मोहन लाल आर्य को कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनाने की मांग की। इस अवसर पर राजस्थान जाट महासभा जिलाध्यक्ष रणवीर सिंह कस्वां, पूर्व जिला परिषद सदस्य गिरधारी सिहाग, जगदीश धन्नावंसी, जिला उपाध्यक्ष सेवा दल कांग्रेस व पूर्व प्रधान अम्मीलाल कस्वां, गजानंद सरपंच सरदारशहर, रामलाल सरपंच जगलाल, पूर्व सरपंच तारानगर प्रकाशचंद, महामंत्री कांग्रेस फकीरचंद दानोदिया, पूर्व जिला उपाध्यक्ष नरपत रोलन, जिलाध्यक्ष हुकमाराम चौधरी, रामलाल सहारण सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन मौजूद थे।

जिला स्तरीय पोषण मेला आयोजित

सीकर, (निसं)। महिला एवं बाल विकास विभाग, सीकर उपनिदेशक सुनील कुमार जांगिड ने बताया कि 'राष्ट्रीय पोषण अभियान 2025' के अंतर्गत जिला स्तरीय पोषण मेले का आयोजन 16 अक्टूबर, गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम में जिले की विभिन्न परियोजनाओं पिपराली, धोद एवं सीकर शहर की महिला पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा पोषण अभियान से जुड़े सभी कार्मिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन एवं संबोधन उपनिदेशक सुनील कुमार जांगिड तथा नीमकाथाना के सीडीपीओ संजय चेतानी द्वारा किया गया। पोषण मेले के दौरान विभिन्न परियोजनाओं द्वारा पोषाहार से बने व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई। साथ ही, गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, छह माह के बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न हुआ। इस अवसर पर आंगनबाड़ी स्तर पर पोषाहार के महत्व को लेकर जागरूकता भी की गई। कार्यक्रम के अंत में पोषण अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मिठाई एवं पूजन सामग्री वितरण 19 को

झुंझुनूं, (निसं)। लॉयंस क्लब झुंझुनूं एवं श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में शहर के मध्य सड़क के किनारे पटरी पर बैठे पूजा के दीपक, पुष्प, फल, डेकोरेशन इत्यादि दीपावली सामग्री के छोटे विक्रेताओं को मिठाई एवं पूजन सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन प्रवासी उद्यमी, शिक्षाप्रेमी और समाजसेवी बाबूलाल ढंढारिया की ओर से छोटी दीपावली 19 अक्टूबर रविवार को किया जाएगा। जानकारी देते हुए लॉयंस क्लब झुंझुनूं के अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र सिंह शेखावत एवं श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन दीपावली की खुशियां और प्यार भरे रंग, आओ मनाएं मिलकर आज सभी के संग के अंतर्गत संयोजक एमजेएफ लॉयन योगेश खंडेलिया के संयोजन में होगा।

नोडल अधिकारी नियुक्त

सीकर, (निसं)। दीपावली पर्व के अवसर पर जिले में संभावित आगजनी अथवा जलने की आकस्मिक घटनाओं को मध्यनजर रखते हुए जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर 18 अक्टूबर 2025 से 23 अक्टूबर 2025 तक दीपावली पर्व के दौरान आकस्मिक घटनाओं में घायल होने वाले मरीजों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए श्री कल्याण राजकीय चिकित्सालय, सीकर में समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए तहसीलदार सीकर भागीरथ यादव (मो. नं. 9414837585) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि भागीरथ यादव प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, सीकर के साथ सतत् समन्वय बनाते हुए यह सुनिश्चित करें कि अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों को त्वरित एवं प्रभावी उपचार उपलब्ध कराया जाए।

शिविर में दिव्यांग को व्हीलचेयर मिली

हनुमानगढ़, (निसं)। राज्य सरकार के सेवा पर्व पखवाड़ा के तहत बुधवार को वार्ड 19 व 20 स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय 6 जीजीआर में आयोजित शहरी सेवा शिविर दिव्यांग प्रियंका के लिए संबल लेकर आया। वार्ड 12 निवासी प्रमोद कुमार अपनी बेटी प्रियंका के साथ शिविर में पहुंचे, जहां सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने संयुक्त सहायता उपकरण योजना के तहत प्रियंका को तत्काल व्हील चेयर प्रदान की। व्हील चेयर पाकर प्रियंका और उनके परिजनों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उन्होंने राज्य सरकार और विभागीय कार्मिकों का आभार जताया। इस अवसर पर शिविर प्रभारी सुमित्रा छींपा और विभाग की कनिष्ठ लेखाकार ने प्रियंका को स्वीकृति प्रमाण पत्र व व्हील चेयर भेंट की।

अष्टम पोषण पखवाड़ा मनाया

बीदासर (निसं)। निकवटर्ती गांव चाडवास के पंचायत भवन चाडवास में गुरूवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अष्टम पोषण पखवाडा मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच कांता देवी गोदारा के द्वारा की गई। कार्यक्रम का आयोजन महिला पर्यवेक्षक अनिला शर्मा के द्वारा किया गया। इस आयोजन के तहत गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार करवाया गया। महिला पर्यवेक्षक अनिला शर्मा के द्वारा संतुलित आहार के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर कार्यकर्ता पुष्पा शेखावत, सुधा शर्मा, मनोहरी, चेना, मनीषा, मंजू कंवर, आशा कंवर, राज देवी, सरोज चैधरी, रामेश्वरी, कमला, हीरा देवी आदि उपस्थित थी।

प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों ने फ्लैग मार्च निकाला

राजलदेसर (निसं)। आगामी दीपावली के पावन पर्व को लेकर राजलदेसर तहसीलदार हरदीप सिंह,थाना प्रभारी कमलेश सैनी, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी कुंदन देथा एवं पुलिस के जवानों ने आगामी दीपावली के पावन पर्व को लेकर गांधी चौक से लेकर बैंक ऑफ बडौदा चोक, मेंन बाजार,सुभाष चौक एवं कस्बे के अन्य मुख्य मार्गों से होते हुए फ्लैग मार्च निकाला गया।

फ्लैग मार्च के दौरान कस्बे के मुख्य बाजार में अस्थाई तौर पर दुकान लगाने वाले व्यापारियों से कहा कि वाहन चालकों को एवं राहगीर को किसी तरह की परेशानी ना हो इसी को ध्यान में रखते हुए अतिक्रमण ना करें साथ ही उन्होंने कस्बे में अवैध रूप से पटाखे बेचने वाले लोगों से कहा कि अगर कोई व्यक्ति अवैध रूप से पटाखे बेचते हुए पाया गया तो उनके ऊपर मुकदमा दर्ज किया जाएगा एवं कडी से कडी कार्यवाही की जाएगी।

इसके अलावा थाना प्रभारी कमलेश सैनी ने कहा आगामी दीपावली के पावन पर्व पर सभी कस्बे वासी मिलजुल त्योहार मनाए।

इस अवसर पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने कहा कि सफाई व्यवस्था एवं लाइट व्यवस्था की पूरी व्यवस्था की जा रही है इसके अलावा अनेकों जगहों पर रिपेयरिंग भी की जा रही है तहसीलदार हरदीप सिंह ने कहा दीपावली का पावन पर्व है कस्बे में सफाई व्यवस्था का कस्बेवासी विशेष ध्यान रखें।

नगर पालिका के संसाधन में ही कचरा डालें एवं जगह-जगह अपने घरों के आगे प्रतिष्ठान के आगे कचरा इकट्ठा ना करें। इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष विष्णु स्वामी, रघु अग्रवाल, सुभाष संचेती ने भी अधिकारियों को मार्केट की समस्या के बारे में अवगत करवाया। जिस पर थाना प्रभारी ने कहा 3 दिन तक सुभाष चौक में दो अस्थाई जवानों की नियुक्ति कर दी जाएगी।

प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों के द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया

सहमती के बिना जारी की गई अम्बेडकर पार्क की निविदा को रद्द करने की मांग

नोहर, (निसं)। यहां की नगरपालिका में दर्ज क्रमांक 330, दिनांक 13.10.2025 के संदर्भ में एडवोकेट पंकज डिगवाल व पिता चानणमल के विरूथ माननीय न्यायालय नोहर में वाद संख्या 84/2024 बअनवानी मुस्ताक आदि बनाम पंकज आदि है। उक्त प्रकरण में नगरपालिका नोहर प्रतिवादी संख्या 03 है।

उक्त वाद को वादी मुस्ताक आदि ने दिनांक 09.10.2025 को राजिनामा प्रस्तुत कर "खारिज किये जाने के आदेश फरमाने" हेतू प्रस्तुत किया तथा न्यायालय वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश नोहर ने वाद खारिज किया जाने का आदेश (सलग्न संख्या 02) दिये। उक्त वाद में वादीगण द्वारा प्रार्थी की निजी पट्टाशुदा भूमि को हडपने की मंशा से वादीगण ने एक ही नाम "सार्वजनिक महिला शौचालय" के नाम के दो फर्जी पट्टे प्रदर्श 13 व प्रदर्श 13ए प्रस्तुत किया तथा उक्त वाद में नगरपालिका ने वाद प्रस्तुत दिनांक 13.12.2025 को उक्त जगह का नक्शा प्रदर्श 12 (सलग्न संख्या 03) प्रस्तुत किया। उक्त नक्शे में महिला शौचालय 8 फिट 28.7 फिट दर्शाते हुए प्रस्तुत किया तथा उक्त नक्शे को दिलीप पुनिया अधिशाषी अधिकारी नोहर द्वारा प्रमाणित करके न्यायालय हाजा में प्रस्तुत किया। पांच साल तक चले सम्पूर्ण वाद में नगर पालिका नोहर ने कभी भी नही कहा कि उक्त जगह पर नगर पालिका नोहर का अधिकार है। बल्कि नगर पालिका नोहर ने प्रार्थी के पट्टे को फर्जी घोषित करने के लिए कई असत्य व आधारहीन क्रमांक जारी कर न्यायालय हाजा में प्रस्तुत किये।

प्रार्थी एडवोकेट पंकज डिगवाल अनुसूचित जाति का है तथा राजस्थान बार संघ, जोधपुर का नियमित अधिवक्ता है। नगर पालिका नोहर ने वाद के वादीगण के साथ मिलकर प्रार्थी की भूमि को हडपने की बार-बार शाजिस की है। इसी भूमि हडपने की शाजिस के तहत प्रार्थी की निजी भूमि पर नगर पालिका नोहर के वर्तमान अधिशाषी अधिकारी बसन्त कुमार सैनी, अध्यक्ष खातून व अध्यक्ष प्रतिनिधी मैहरूनिशा (खातून की पूत्र वधु) ने मिलकर अम्बेडकर पार्क की घोषणा कर दी तथा निविदा जारी कर दी। उक्त निविदा जारी करने पर प्रार्थी एडवोकेट पंकज डिगवाल ने न्यायालय अवमानना प्रस्तुत की। जिसका अनवान पंकज बनाम बसन्त आदि है। परन्तु प्रार्थी की भूमि को हडपने की मंशा से स्थानिय प्रशासन पर दबाव बनाकर प्रार्थी की भूमि पर अम्बेडकर पार्क का शिलान्यास करने हेतु जानकारी अनुसार उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा एवं केबिनेट मंत्री झाबरमल खर्रा का नोहर आने का दौरा बनाया गया है।प्रार्थी एडवोकेट पकज डिगवालकी की निजी भूमि को हडपने के मंशा में प्रार्थी के आपत्ती प्रार्थना-पत्र दर्ज क्रमांक 330 दिनांक 13.10. 2025 (सलग्न संख्या 04) व माननीय न्यायालय के वाद व आदेश को भी बसन्त कुमार सैनी, अध्यक्ष खातून, अध्यक्ष प्रतिनिधी मैहरूनिशा (खातून की पूत्र वधु) व उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा ने अनदेखा कर दिया

संबंधित अधिकारियों से प्रार्थी एडवोकेट पंकज डिगवाल का आग्रह है की मेरी निजी पट्टाशुदा भूमि को हडपने की मंशा और जबरन अम्बेडकर पार्क व पानी की टंकी ना बनायें व ना ही शिलान्यास करें। प्रार्थना पत्र दर्ज कराने व सम्बन्धित की ई-मेल आई.डी., वाट्सअप नम्बर व डाक पते पर प्रार्थना पत्र डालने के बाद भी प्रार्थी की निजी भूमि पर बसन्त कुमार सैनी, अध्यक्ष खातून, अध्यक्ष प्रतिनिधी मैहरूनिशा (खातून की पूत्र वधु) व उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा आदि अन्य द्वारा शिलान्यास किया जाता है तो प्रार्थी उक्त वर्णित व्यक्तियों के विरूध प्रार्थी की पट्टाशुदा भूमि को हडपने पर अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति अधिनियम, अधिवक्ता अधिनियम-2023, भारतीय न्याय सहीता 2023 की धाराओं के तहत माननीय न्यायालय में उपस्थित होगा। ए.सी.जे.एम. न्यायालय नोहर में प्रस्तुत वाद के निर्णय अनुसार उक्त भूमि प्रार्थी की निजी भूमि है। प्रार्थी के पट्टा संख्या 16 व पट्टा संख्या 20 भूखण्डों पर किसी प्रकार का कोई आदेश जारी ना करें, आपका मत व फैसला और आपकी व्यक्तिगत रूप में की गई देरी, आपके द्वारा माननीय न्यायालय के आदेशों की अवहेलना व प्रार्थी की भूमि को हडपने की शाजिस होगी। जो आप स्वयं को न्यायालय से उच्च मानने को इंगीत करता है। यदि आप प्रार्थी की भूमि पर बिना प्रार्थी की इजाजत व सहमति के कोई भी कार्य करतें है तो प्रार्थी आपके विरूध न्यायालय में प्रस्तुत होगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी आप स्वयं की व्यक्तिगत होगी। उक्त मांग व जानकारी एडवोकेट पंकज डिगवाल की ओर सेक्षअपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखी गई है।

सार-समाचार

कांग्रेस कार्यकताओं की बैठक आयोजित

चूरू (निसं)। जिला मुख्यालय पर चूरू शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस में कांग्रेस के संगठन सर्जन अभियान के तहत गुरुवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी प्रभारी सुभाष चोपड़ा ने कार्यकर्ताओं से परिचर्चा की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व राहुल गांधी ने यह अभियान कार्यकर्ताओं के सम्मान और एकजुट होकर कार्य किए जाने के लिए चलाया है। प्रभारी चोपड़ा ने कहा कि कार्यकर्ताओं की राय और उनकी भावनाओं को जानने के लिए उन्हें आपके बीच भेजा है। चोपड़ा ने कहा कि भाजपा देश में नफरत फैलाकर भाईचारा खत्म करना चाहती है, जो देश की जनता कभी सहन नहीं करेगी। बैठक में कार्यकर्ताओं ने चूरू विधानसभा क्षेत्र की राय के लिए एकजुट होकर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया को अधिकृत किया। पत्र का वाचन पूर्व उप जिला प्रमुख सोहन मेघवाल ने किया। रफीक मंडेलिया ने कहा कि अधिकृत करने के उपरांत भी आप प्रभारी से व्यक्तिगत तौर पर मिलकर अपनी राय दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी आलाकमान का फैसला सर्वमान्य होगा। इस अवसर पर वरिष्ठ विधायक नरेन्द्र बुडानिया, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी डॉ. राजेन्द्र मुण्ड, प्रदेश प्रभारी रामनिवास बिडोदी, जिलाध्यक्ष इंद्राज खिचड़, पीसीसी सचिव रियाजत खान, शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धांधू ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष जमील चौहान ने किया। इस दौरान पूर्व सभापति गोविन्द महनसरिया, निवर्तमान सभापति पायल सैनी, पं.स. प्रतिपक्ष नेता धर्मेन्द्र बुडानिया, किसान नेता आदूराम न्यौल, मो. हुसैन निर्बाण, रमजान खान, कमला पुनिया, अबरार खां, संजय दीक्षित, सुनिता कपुरिया, लालचंद सैनी, नारायण बालाण हेमन्त सिहाग, उम्मेद सिंह, प्यारेलाल दानोदिया, बालीबाई, शिवकुमार शर्मा, रतनलाल जांगिड, अजीज खान, संजय भाटी, असलम खां मोयल, शाहरुख खान, तौफीक खान, आबिद जाबासरिया सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।

मंदिरों में विशेष धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी

हनुमानगढ़, (निसं)। राजस्थान के देवस्थान विभाग द्वारा दीपावली पर्व के पावन अवसर पर राज्यभर के सभी मंदिरों एवं प्रन्यास मंदिरों में विशेष धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की व्यापक तैयारी की जा रही है। यह आयोजन पंचपर्वा दीपावली के अंतर्गत संपन्न होंगे, जिनका उद्देश्य मंदिरों में स्वच्छता, श्रद्धा और सांस्कृतिक सौंदर्य का समन्वय स्थापित करना है। सहायक आयुक्त ओमप्रकाश ने बताया कि विभाग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार दीपावली से पूर्व सभी मंदिर परिसरों में स्वच्छता एवं सज्जा अभियान चलाया जाएगा। मंदिरों के आंतरिक व बाहरी प्रांगण की सफाई, दीवारों की धुलाई तथा पुष्पमालाओं व दीपों से सजावट की जाएगी।

दीपोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक

झुंझुनूं, (निसं)। दीपावली पर्व को विद्यालयों में नवाचार एवं सांस्कृतिक उत्सव के रूप में प्रभावी ढंग से मनाने तथा रंग-रोगन एवं साफ-सफाई के कार्यों की समीक्षा को लेकर गुरूवार को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, उदयपुरवाटी में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता झुंझुनूं जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय, माध्यमिक शिक्षा एवं उदयपुरवाटी ब्लॉक के प्रभारी अधिकारी उम्मेद सिंह महला ने की। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ब्लॉक के समस्त पीईईओ, यूसीईईओ तथा संस्था प्रधानों के साथ चर्चा एवं संवाद स्थापित किया गया। बैठक में महला ने विद्यालयों में दीपोत्सव पर्व को बालकों के सर्वांगीण विकास से जोड़ते हुए उसे नवाचार व रचनात्मक गतिविधियों के साथ मनाने के निर्देश दिए।

हेतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्याक 4
न्यायालय उपखंड अधिकारी महोदय, नवलगढ़
हरलाल बनाम महादेव वगैरह
प्रार्थना पत्र अ. आदेश 9 नियम 13 व धारा 151 जा. दी मु.नं.

मुरली बेवा भगवाना, सरदार पुत्र भगवाना, निवास पुत्र भगवाना, शिशपाल पुत्र भगवाना, नरेन्द्र पुत्र फुला, राजो पुत्र फुला, कमला बेवा फुला, परमेश्वर पुत्र सांवल, बुद्धरमल पुत्र सांवल, श्योकरण पुत्र मोभा, दुर्गा पुत्र मोभा, हरफुल पुत्र हेमा, महाबीर पुत्र हेमा, पतासी पुत्री हेमा, परमेश्वर बेवा बनवारी, नारू पुत्र बनवारी, महेश पुत्र बनवारी, मनेश पुत्र बनवारी, बिरजू पुत्र बनवारी, रामलाल पुत्र गणपत, कुरड़ा पुत्र गणपत, महाबीर पुत्र गणपत, ग्यारसी पत्नी बजरंग, सोहन पुत्र बजरंग, श्रवणी पत्नी श्योकरण, नेमीचंद पुत्र श्योकरण, बिमला पुत्री श्योकरण, सुमित्रा पुत्री श्योकरण, श्रीराम पुत्र हीरा, राजेन्द्र पुत्र हीरा, रामुतार पुत्र मंगता, पूरी पत्नी जमना, श्योना पुत्री जमना, छोटी पत्नी शिशपाल, ताराचंद पुत्र शिशपाल, रघुवीर पुत्र शिशपाल, ग्यारसी पुत्री शिशपाल, परमेश्वर गोद पुत्र भूरा, अणची पुत्री मंगला, ब्रिदामी बेवा मुकन्दाराम, ताराचन्द पुत्र मुकुन्दाराम, सांवत पुत्र मांगू, कुरड़ाराम पुत्र भागूराम, अमरचंद पुत्र भागूराम, छोटी बेवा भागूराम, द्यापा पत्नी गोरधन, मुखराम पुत्र गोरधन, सुष्यार पुत्री गोरधन, हरिसिंह पुत्र दला, प्रभात पुत्र दला, तेजाराम पुत्र रामदेवा, गोरूराम पुत्र रामदेवा, रतन पुत्र रामदेवा, गुलाब पुत्र रामदेवा, नागर पुत्र रामदेवा, रामनाथ पुत्र हनुमान रामरत जाति जाट निवासीगण ग्राम चारा का बास तन परसरामपुरा तहसील नवलगढ़ जिला झुंझुनूं (राज.) राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार, तहसील नवलगढ़ जिला झुंझुनूं।

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 09.11.2025 को पूर्वाह्न में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई ओर उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जायेगा। आज ता. 23 माह 7 सन 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

सहायक कलक्टर व कार्यपालक
मजिस्ट्रेट (फास्ट ट्रेक) नवलगढ़

'हर व्यक्ति को शिविर का लाभ मिले'

चूरू (निसं)। ग्राम पंचायत सिरसला व लोहसना बडा में गुरूवार को ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। विधायक हरलाल सहारण ने शिविर का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान विधायक सहारण ने शिविर में ग्रामीणों को जाति प्रमाण-पत्र, मूल निवास प्रमाण-पत्र व पट्टे वितरित किये। शिविर में लोहसना बड़ा में पानी संबंधित शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस अवसर पर विधायक सहारण ने कहा कि भाजपा सरकार की मंशा है कि गरीब व अंतिम छोर पर बैठे हर व्यक्ति को इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ मिले। उन्होंने जीएसटी की दरें कम करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। वहीं सिरसला बड़ा में लगे शिविर में मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना में आवेदन, सहमति से खाता विभाजन, जॉब कार्ड, पट्टा वितरण आदि कार्य करवाए गए। इस अवसर पर लोहसना बड़ा, सरपंच हरमी देवी, एसडीम सुनील कुमार, बीडीईओ महेंद्र भार्गव, नायब तहसीलदार महेंद्र गहलोत, ग्राम विकास अधिकारी सुनीता, सुल्तानाराम, पवन कुमार, सिरसला ग्राम पंचायत सरपंच सोनिया देवी मेघवाल, ग्राम विकास अधिकारी मनजीत सिंह चौधरी सहित अनेक कर्मचारी-अधिकारी उपस्थित थे।

खाद्य सामग्री के 8 नमूने लिए

रतनगढ़ (निसं)। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा टीम ने त्योहारी सीजन पर शुद्ध आहार- मिलावट पर वार अभियान के तहत गुरुवार को रतनगढ में कार्रवाई की।सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन बाजिया व रतनसिंह गोदारा की टीम ने रतनगढ में छप्पन भोग स्वीट्स से मिल्क केक, अजितसरिया ट्रेडिंग कंपनी से घी,चिमनलाल श्याम सुन्दर से सोयाबीन तेल,पेडीवाल ट्रैडर्स से मावा, रतनलाल अशोक कुमार से काजू, गोवर्धनलाल रंगलाल से घी, घासीराम परमेश्वर लाल से मैदा व कमल एजेंसी से घी का नमूना लिया।

राजस्थानी फिल्म बाई बिमला रो ब्याव के प्रीमियर शो का शुभारम्भ

निकटवर्ती कस्बे रतननगर में साहित्य कला फिल्मस संस्थान राजस्थान का 46 वां वार्षिक अधिवेशन व राजस्थानी फिल्म बाई बिमला रो ब्याव के प्रीमियर शो का शुभारम्भ हुआ।

चूरू (निसं)। निकटवर्ती कस्बे रतननगर में बुधवार शाम साहित्य कला फिल्मस संस्थान राजस्थान का 46 वां वार्षिक अधिवेशन व राजस्थानी फिल्म बाई बिमला रो ब्याव के प्रीमियर शो का शुभारम्भ हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हरलाल सहारण थे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां ने की तथा विशिष्ट अतिथि वीणा कैसेट्स के केसी.मालु, सीबीआई न्यायाधीश रामावतार सोनी, खाजुवाला विधायक विश्वनाथ मेघवाल, समाजसेवी अखिलेश चतुर्वेदी, रतनगढ के पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि व मुरारी लाल चूलेट थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने पूर्व आईएएस आरके चतुर्वेदी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्जवलित कर किया। गौरतलब है कि मुरारीलाल महर्षि की ओर से निर्मित व निर्देशित ये फिल्म राजस्थानी संस्कृति व कला को दर्शाती है। इस अवसर पर राजस्थानी लोक कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जन को भाव विभोर कर दिया। फिल्म के प्रीमियर शो का उद्घाटन अतिथियों ने कम्प्यूटर का बटन दबाकर किया। समारोह में राजस्थान की स्वर कोकिला सीमा मिश्रा ने केशरिया बालम व चिरमी सुनाकर दर्शकों से खूब वाह-वाही लूटी। इससे पूर्व अतिथियों का माल्यार्पण कर व शॉल ओढाकर सम्मान किया। वहीं स्वर कोकिला सीमा मिश्रा ने कलाकारों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में अशोक झिकनाडिया, राजेन्द्र धरेन्द्रा, डॉ. अक्षत चतुर्वेदी, आयुश चतुर्वेदी, पूर्व चेयरमैन सत्यनारायण सैनी, जंयत परिहार, गोपाल जालान, एडवोकेट अरविन्द शर्मा, हुणताराम ईशराण, नारायण प्रसाद महर्षि, मोहनलाल खारडिया, नरेन्द्र चतुर्वेदी, आनंद महर्षि, डॉ. एफ.एच. गौरी, लेखराज सोनी, संपत कटारिया आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रो. केसी सोनी ने किया।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राज कुमार, मेसर्स सिंवर ट्रेडिंग कंपनी के मालिक, न्यू मार्केट प्राइवेट बस स्टैंड, सरदारशहर, जिला-चुरू-331403, राजस्थान** ने **CT No. 995/20, U/s: 138 NI Act, पुलिस थाना मुखर्जी नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राज कुमार** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राज कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना मुखर्जी नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **राज कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.12.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आद